गुरुग्राम
मंगलवार
12 सितंबर, 2023
वर्ष 11, अंक 252
पृष्ठ 08
मूल्य : 1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज



Website : www.epaperhumanindia.in : E-mail : humanindiadaily@gmail.com



# अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ का पहला स्थान



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ।** आज केएल मेहता दयानंद महाविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय लघु नाटिका प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की आरआरसी टीम ने सरकार द्वारा आयोजित स्थान पर के एल मेहता कॉलेज, फरीदाबाद बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया घ लघु नाटिका का विषय नशामुक्ति था, लघु नाटिका में स्वयंसेवकों ने बताया किस तरह से भारत का युवा नशे रूपी जाल में फंसता जा रहा हैऔर नशा किस तरह से परिवारों और समाज को अपार क्षति पहुंचा रहा है। महाविद्यालय में पहुंचने पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता जी ने विजेता टीम का स्वागत किया व बधाई देते हुए कहा कि जब किसी कार्य को करने के पीछे हमारा उद्देश्य अच्छा होता है,तो भगवान भी उसमें हमारी मदद करता है और सफलता प्राप्त होना निश्चित हो जाता है, और प्राचार्य जी ने टीम के सभी सदस्यों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

इस अवसर पर प्राचार्य जी के साथ आरआरसी की कन्वीनर डॉ० गीता गुप्ता, समन्वयक व टीम वाती इंचार्ज डॉ० रेखा सैन, डॉ० रामचंद्र तथा श्री मनमोहन सिंगला जी उपस्थित रहे।